हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–128 : जौनपुर, मंगलवार 17 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## रामचरित मानस का अपमान करनें वाले व्यक्ति की छीन लेनी चाहिए नागरिकता–पुरी पीठाधीश्वर

प्रयागराज ब्यूरो : पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा है कि रामचरित मानस का अपमान एक जघन्य अपराध है। मानस का अपमान करने वाले व्यक्ति की देश की नागरिकता छीनकर उसे जेल में डाल देना चाहिए। पुरी शंकराचार्य ने ये बातें सोमवार को माघ मेला क्षेत्र के शिविर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती अगले दस दिनों तक माघ मेला में प्रवास करेंगे। इस दौरान त्रिवेणी मार्ग स्थित शंकराचार्य के शिविर में रोजाना सुबह और शाम प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।पिछले दिनों बिहार के शिक्षामंत्री चंद्रशेखर की ओर से रामचरित मानस पर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर पुरी शंकराचार्य ने कहा कि भगवान श्रीराम ने भव्य राज्य की स्थापना की। अंग्रेजों का पूरा शासनकाल ही रामचरित मानस के संविधान पर चला। उसका अपमान बर्दाश्त योग्य नहीं है। पुरी शंकराचार्य ने कहा कि ऐसे व्यक्ति की भारत की नागरिकता छीन ली जानी चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री का दायित्व है कि शिक्षामंत्री को तत्काल पद से हटा दें। इसके साथ ही उनसे आजीवन चुनाव लड़ने का अधिकार भी छीन



लिया जाना चाहिए। गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने कहा कि विकास के नाम पर गंगा के मौलिक स्वरूप को उत्तराखंड में ही विकृत कर दिया गया। कांग्रेस के शासनकाल में ही नाले बनवाकर गंदा पानी गंगा में बहाया जाने लगा था। कहा कि अगर गंगा विलुप्त हो गई तो हम कहां जाएंगे। पुरी शंकराचार्य सोमवार की दोपहर ट्रेन से गंगा सागर से चलकर प्रयागराज माघ मेला क्षेत्र पहुंचे। पुरी शंकराचार्य 26 जनवरी तक माघ मेले के अपने शिविर में प्रवास करेंगे। इस दौरान सुबह 11 और शाम को पांच बजे से प्रवचन होगा।

## 500 करोड़ की एसटीपी और अमृत योजना में भ्रष्टाचार का गौतम गुप्ता ने लगाया आरोप

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक तरफ जहां योगी सरकार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने की तमाम कवायदे कर रही है चाहे कोई भी विभाग हो चाहे कोई अधिकारी हो सभी के ऊपर नकेल कसने के लिए न्याय प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बराबर प्रयास किया जा रहा है तो जनपद जौनपुर में एक बड़ी परियोजना के तहत सरकार द्वारा कराए जा रहे हैं कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार व धांधली की बातें सामने आ रही हैं। इस भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी के ही कार्यकर्ता ने आंदोलन छेड़ रखा है। स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष व भाजपा नेता गौतम गुप्ता ने 500 करोड़ से अधिक की नमामि गंगे और अमृत योजना के तहत नगर में कराए जा रहे सीवर लाईन के कार्य मे जमकर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्यदायी संस्था जल निगम के एक्सईएन और गंगा यूनिट वाराणसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को भ्रष्टाचारी बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही है । भाजपा नेता गौतम गुप्ता ने कहा कि ये अधिकारी चार माह पूर्व एसटीपी परियोजना के निरीक्षण के लिए जौनपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी गुमराह कर चुके हैं। उक्त बातें कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी संस्था शुरू से ही नमामि गंगे (एसटीपी) और अमृत योजना में मानक के अनुरूप कार्य न कराए जाने और जनता के पैसे का बंदरबांट होने की बात कहती चली आ रही है । भ्रष्टाचार इस सीमा तक पहुंच गया कि जहां जहां सीवर के लिए पाइप डाली गई वहां की सड़कें धंस गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सिपाह से शाही किला तक सड़क खोदकर पाइप बिछाई गई थी । इस सड़क को एक बार जल निगम ने बनाया फिर तीन माह के भीतर इसी सड़क को लोक निर्माण विभाग ने दोबारा बना दिया। इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ बोलने



को तैयार नहीं है । इसमें भी लम्बा खेल हुआ है। स्वच्छ गोमती अभियान के अध्यक्ष गौतम गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ गोमती अभियान नमामि गंगे व अमृत योजना में व्याप्त बेहद गम्भीर तकनीकी व वित्तीय भ्रष्टाचार पर लम्बे समय से आवाज उठाती आ रही है । भ्रष्टाचारी जलनिगम के अधिकारियों को पहले भी चेताया गया था । बावजूद इसके सीवर लाइन की पाइप डालने के दौरान उसकी ग्रेवलिंग, टिम्बरिंग इत्यादि मानकों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पाइप भी बहुत ही निम्न गुणवत्ता की डाली जा रही है । जिसके परिणामस्वरूप इस परियोजना का सफल हो पाना सम्भव नहीं दिख रहा है। यदि समय रहते इस गम्भीर मुद्दे पर विभाग व जिला प्रशासन ने कार्रवाई की होती तो आज जौनपुर नगर की सड़कों की यह दुर्दशा न होती । जलनिगम जौनपुर के अभियंता सचिन सिंह व गंगा यूनिट वाराणसी के प्रोजेक्ट मैनेजर संजय बर्मन उत्तर प्रदेश की कर्मठ और ईमानदार योगी सरकार की साख को बट्टा लगाने का कार्य कर रहे हैं। इन जिम्मेदार अधिकारियों को पूर्व में ही इन गड़बड़ियों से अवगत करा दिया गया था। समूचे शहर में अब तक लगभग अलग–अलग 15 स्थानों पर सीवर डाले जाने के बाद सड़के धंस चुकी हैं। कभी भी कोई बड़ी अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में स्वच्छ गोमती अभियान जिलाधिकारी जौनपुर के माध्यम से आग्रह करेगा कि अमृत योजना व नमामि गंगे योजना में व्याप्त इस बेहद गम्भीर तकनीकी व वित्तीय भ्रष्टाचार का संज्ञान लेते हुए सभी आरोपी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करें, जिससे भविष्य में ये अधिकारी ईमानदार व भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति वाली भाजपा सरकार को बदनाम करने का साहस न करें।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## जिलाधिकारी द्वारा कान्हा गो–आश्रय स्थल प्यारेपुर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कान्हा गो–आश्रय स्थल प्यारेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि गो–आश्रय स्थल में 190 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि गोवंश के लिए हरे चारे की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में



रहे और तिरपाल एवं बोरे पशुओं के लिए उपलब्ध रहें। जिलाधिकारी के द्वारा गो–आश्रय स्थल के निर्माण के जाँच के संबंध में एक टीम गठित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी एवं एक अन्य जिला स्तरीय अधिकारी की टीम के द्वारा गुणवत्ता की जांच की जाएगी और खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

## राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश अनूप प्रधान द्वारा विकास भवन सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : माननीय राज्यमंत्री राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश अनूप प्रधान जी द्वारा विकास भवन सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक किये। बैठक में माननीय राज्यमंत्री जी द्वारा धारा 24 और धारा 34 में 05 वर्ष से अधिक पुराने वादों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि पुराने वादों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने जनपद में प्राप्त आय, जाति, निवास से संबंधित आवेदनों की जानकारी प्राप्त की और ससमय निस्तारित करने का निर्देश भी समस्त उप जिलाधिकारियों को दिया। माननीय मंत्री जी द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा की जानकारी प्राप्त की और समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाए। माननीय मंत्री जी द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया गया कि वरासत का अभियान चलाकर आवेदनों का निस्तारण कराया जाए। राजस्व के 05 बड़े बकायेदारों की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि बडे बकायेदारो को नोटिस जारी करते हुए वसूली की कार्रवाई की जाए। माननीय राज्यमंत्री जी द्वारा चकबंदी की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि चकबंदी प्रक्रिया में जो समस्या आ रही है उसका निस्तारण कराए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में शासन की मंशा के अनुरुप कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा हैं, माननीय मंत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि गरीबों को कंबल अवश्य मिलना चाहिए। उक्त बैठक में देवी आपदा से हुई मृत्यु में उनके वारिसों को स्वीकृति चेक पत्र प्रदान किया गया जिसमें प्रदीप कुमार निवासी ग्राम चंदवक तहसील केराकत जौनपुर, हिमांशू ग्राम घघरिया, परगना घिसुआ तहसील मछलीशहर, मोनू ग्राम नेवादा बारीगांव तहसील मड़ियाहूं, पंकज कुमार ग्राम पुरुषोत्तमपुर उर्फ पांडेपुर तहसील सदर, प्रथमेश ग्राम दुर्गापुर, परगना करियातदोस्त तहसील सदर को चार–चार लाख का चेक पत्र प्रदान किया गया और 05 लाभार्थियों को अपने हाथों से कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू0रा0 गणेश प्रसाद, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, तहसीलदार, डीडीसी चकबन्दी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विशेष सचिव आबकारी रविंद्र द्वारा निराश्रित गो गोवंश के सम्बंध में विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ की गई बैठक

जौनपुर सू0वि0 – विशेष सचिव आबकारी रविंद्र के द्वारा निराश्रित गो गोवंश के सम्बंध में विकास भवन के सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विशेष सचिव के द्वारा जनपद के निराश्रित गो–आश्रय स्थलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में गो–आश्रय स्थल कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों में 1–1 अस्थाई गो आश्रय स्थल बनवाए और उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि गो–आश्रय स्थल से संबंधित सभी प्रकार के अभिलेख अद्यतन रहे। विशेष सचिव ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी गोवंशो की शत–प्रतिशत ईयर टैगिंग हो जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि जितने भी निर्माणाधीन गो–आश्रय स्थल है शीघ्र पूर्ण करा कर पशुपालन विभाग को हैंड ओवर कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि गो–आश्रय स्थलों को आवंटित धनराशि का स्वयं के स्तर से देख–रेख/जांच करें। पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से पशुओं की जांच की जाए, इलाज के अभाव में किसी की मृत्यु न होने पाए। उन्होंने समस्त नोडल पशु अधिकारी/वीडीओ/ई0ओ0 को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरुप गो–आश्रय स्थल के समस्त बिन्दुओं को ध्यान रखकर निरीक्षण करें और किसी भी बिन्दु पर कमी पायी जाये तो उसका त्वरित निस्तारण करायें। विशेष सचिव के द्वारा निर्देशित गया किया कि अभियान चलाकर सभी गो–आश्रय स्थल में तिरपाल लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से पशुपालकों की व्यवस्था एवं उनके मानदेय के भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बी.बी., सिंह जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : शासन एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश के क्रम में 17 जनवरी 2023 को आकांक्षात्मक ब्लॉक रामपुर परिसर में विकास खण्ड रामपुर के सहयोग से सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों द्वारा 42 युवाओं को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 350 से अधिक छात्र–छात्राओं और बेरोजगार युवाओं की करियर काउंसलिंग की गयी।

## प्रदेश में 20 से 24 जनवरी के बीच बारिश का आसार : शीतलहर की चेतावनी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में मौसम 20 जनवरी से नए तेवर दिखा सकता है। मौसम विशेषज्ञ एचआर रंजन के मुताबिक, प्रदेश में 20 से 24 जनवरी के बीच कहीं–कहीं बारिश के आसार हैं। ये बारिश धीमी ही होगी या कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो सकती है। इस दौरान कोहरा जरूर बढ़ सकता है, पर ठंड बहुत ज्यादा नहीं सताएगी। दूसरी ओर, सोमवार को कानपुर में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री दर्ज हुआ। इसके अलावा 13 जिलों में न्यूनतम पारा पांच डिग्री से नीचे रहा। जिन शहरों में पारा पांच डिग्री से नीचे रहा, उसमें फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज, झांसी, उरई, बरेली, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा और अलीगढ़ शामिल हैं। प्रदेश के शहरों में जहां न्यूनतम पारा गिरा है, वहीं धूप खिलने से दिन के अधिकतम पारे में थोड़ी सी बढ़त देखी जा रही है। कई जगह ये 16 डिग्री से 20 डिग्री सेल्सियस केबीच दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बुधवार से पारा धीरे–धीरे फिर चढ़ेगा। कुछ इलाकों में मंगलवार को भी शीतलहर चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। पौने तेरह घंटे लेट चारबाग पहुंची जयनगर अमृतसर स्पेशल कोहरे के चलते विमानों व ट्रेनों का संचालन सोमवार को भी गड़बड़ाया, जिससे पैसेंजरों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। सऊदिया एयरलाइन की जेद्दा से लखनऊ आने वाली उड़ान एसवी890 निरस्त कर दी गई। वहीं रियाद से लखनऊ आने वाली फ्लाईनस की उड़ान संखय एक्सवाइ–333 तीन घंटे देरी से पहुंची। बेंगलुरु से



लखनऊ आने वाली उड़ान सवा दो घंटे, गोएयर की मुम्बई से लखनऊ की फ्लाइट जी8–397 मुंबई लखनऊ सवा दो घंटे, गोएयर की ही लखनऊ से मुम्बई जाने वाली जी8–396 डेढ़ घंटे, लखनऊ से मुम्बई जाने वाली गोएयर की जी8–307 एक घंटे, मुम्बई से लखनऊ आने वाली गोएयर की जी8–306 डेढ़ घंटे, इंडिगो की लखनऊ से चंडीगढ़ जाने वाली 6ई–6552 सवा घंटे, लखनऊ से बेंगलुरु जाने वाली एक घंटे तथा बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली उड़ान एक घंटे लेट रही। इसी क्रम में गुवाहाटी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की 6ई–6552 साठ मिनट तथा लखनऊ से गुवाहाटी जाने वाली 6ई–146 पचास मिनट लेट रही। इसी क्रम में ट्रेनों की लेटलतीफी में 04651 जयनगर अमृतसर स्पेशल पौने तेरह घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। 14649 सरयू यमुना एक्सप्रेस 10 घंटे, मुजफ्फरपुर सूरत एक्सप्रेस सात घंटे, डॉ. अंबेडकर नगर कामाख्या एक्सप्रेस सवा नौ घंटे, कोटा पटना एक्सप्रेस पांच घंटे, चंडीगढ़ लखनऊ सुपरफास्टए एसी एक्सप्रेस, अरुणाचल एक्सप्रेस तीन–तीन घंटे लेट रही।

## गोरखपुर में लापता मां–बेटे का नदी में मिला शव : पुलिस मान रही खुदकुशी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के कैंपियरगंज क्षेत्र के चौमुखा गांव से शनिवार से लापता सरोज चौरसिया (35) और आठ माह के बेटे का शव रविवार को राप्ती नदी में मिला। दोनों शव एक ही किनारे पर मिलने पर कई सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, शुरुआती जांच में संतकबीरनगर की पुलिस खुदकुशी मान रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, कैंपियरगंज के चौमुखा गांव के बड़ी कटया निवासी गब्बू चौरसिया की बेटी सरोज की शादी कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के रिगौली गांव में चार साल पहले राघव चौरसिया से हुई थी। पिछले कुछ दिनों से सरोज मायके में रह रही थी। शनिवार दोपहर तीन बजे के करीब वह अपने आठ माह के बेटे कान्हा के साथ रहस्यमय हालात में लापता हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस तलाश में जुटी थी। इसी बीच



संतकबीरनगर के मेंहदावल इलाके में दोनों का शव सरयू नदी में मिला। सोशल मीडिया पर शवों का फोटो वायरल हो गया। वायरल फोटो से पहचान कर परिजन मेंहदावल चले गए और शिनाख्त कर ली गई। पुलिस को आशंका है कि मां ने बेटे के साथ खुदकुशी कर ली है, लेकिन दोनों बंधे नहीं थे, ऐसे में शव मिलने से सवाल उठ रहे हैं।

## मिशन रफ्तार के लिए एक्सप्रेस वे जैसी होगी रेल ट्रैक की सुरक्षा

प्रयागराज ब्यूरो : पीएम मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मिशन रफ्तार को और तेज करने के लिए रेलवे प्रशासन अब एक नई व्यवस्था करने जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) से गुजरने वाले दिल्ली–हावड़ा और दिल्ली–मुंबई रेलमार्ग पर ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने के पहले ट्रेनों की सुरक्षा के लिए एक्सप्रेस वे की तर्ज पर दीवार बनाई जाएगी। एनसीआर के अधीन आने वाले इन दोनों ही रेलमार्ग पर अब मेटल बीम क्रैश बैरियर लगाया जाएगा। एनसीआर प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।मिशन रफ्तार प्रोजेक्ट के तहत वर्ष 2024 तक दिल्ली–मुंबई एवं दिल्ली–हावड़ा रूट पर ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किमी प्रति घंटा किए जाने का लक्ष्य है। इसके पूर्व रेलवे ट्रैक की संरक्षा और सुरक्षा पुख्ता करने का काम एनसीआर द्वारा किया जा रहा है। ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम पूरा होने के साथ ही तमाम स्थानों पर रेल ट्रैक आदि भी बदला गया है। कुछ स्थानों पर दीवार आदि भी बनाई गई है। इसके अलावा जहां दीवार नहीं है, वहां अब मेटल बीम क्रैश बैरियर लगाया जाएगा। रेलवे अफसरों का कहना है कि मेटल बीम क्रैश बैरियर का प्रयोग एक्सप्रेस वे में काफी कारगर रहा है। इसके लग जाने के बाद एक्सप्रेस वे पर जानवर नहीं आ पाते। यही व्यवस्था रेलवे ट्रैक पर भी होगी। दरअसल, आए दिन रेलवे ट्रैक पर मवेशियों की धमाचौकड़ी की वजह से रेल संचालन बाधित होता रहा है। ट्रैक किनारे पड़े खाने पीने के सामान के चक्कर में मवेशी ट्रेनों की चपेट में आ जाते हैं। वंदे भारत की चपेट में कई बार मवेशी आ चुके हैं। इन्हीं घटनाओं को रोकने के लिए एनसीआर प्रशासन ने ट्रैक किनारे अब मेटल बीम क्रैश बैरियर लगाने का निर्णय लिया है। यह काम इसी वित्तीय वर्ष से शुरू हो जाएगा। एनसीआर में चल रही ट्रेनों की अधिकतम स्पीड 160 किमी प्रति घंटा किए जाने का लक्ष्य है। इसी वजह से रेलवे ट्रैक की सुरक्षा और ट्रेनों के सुगम संचालन के लिए एक्सप्रेस वे की तर्ज पर मेटल बीम क्रैश बैरियर लगाए जाएंगे। – सतीश कुमार, जीएम एनसीआर

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सत्य का सर्वश्रेष्ठ अभिनन्दन यही है कि हम उसे आचरण में लाएं।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# विराट बनाम सचिनः कौन किससे इक्कीस

एक इंटरव्यू में क्रिकेटर के.एल. राहुल और हार्दिक पांड्या से जब पूछा गया कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली में कौन बेहतर बल्लेबाज है? दोनों ने एक सुर में विराट कोहली का नाम लिया। हालांकि, विराट कोहली ने स्वयं एक अन्य इंटरव्यू में अपनी सचिन तेंदुलकर से तुलना को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि जिन सचिन तेंदुलकर को देखकर उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, उनसे उनकी तुलना बेमानी है। दोनों के बीच में तुलना नहीं की जानी चाहिए।

सचिन अपनी तरह के अलग और महान क्रिकेटर रहे हैं। लेकिन, जैसा मानव स्वभाव है। दो सफल व्यक्तियों की तुलना हमेशा से की जाती रही है और की जाती रहेगी। यदि रिकॉर्ड्स के आईने में देखा जाए तो विराट कोहली सचिन तेंदुलकर से कहीं आगे नजर आते हैं।

विराट बनाम सचिन

तिरुवंतपुरम में जैसे ही विराट कोहली ने वनडे में अपना 46वां शतक लगाया, वैसे ही वो सचिन तेंदुलकर के वनडे में सर्वाधिक 49 शतक के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच गए। दूसरा उन्होंने भारतीय जमीन पर सचिन तेंदुलकर के लगाए 20 शतकों के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अब विराट के नाम भारत में 21 शतक लगाने का रिकॉर्ड हो गया है। कोई भी सक्रिय क्रिकेटर उनके रिकॉर्ड के आसपास नहीं है।

भारत में रोहित शर्मा के 11, महेंद्र सिंह धोनी के 8 और युवराज सिंह के 7 शतक हैं। इनमें केवल रोहित अभी खेल रहे हैं, लेकिन उनका भी विराट तक पहुंचना करीब–करीब असंभव है। वर्ष 2023 की शुरुआत में दो शतक लगाकर जो तेवर विराट कोहली ने दिखाए हैं, उससे लग रहा है कि यदि इस साल पर्याप्त वनडे मैच खेलने का उन्हें मौका मिला तो वह सचिन तेंदुलकर के वनडे में सर्वाधिक शतक के रिकॉर्ड को वर्ष 2024 से पहले ही ध्वस्त कर देंगे।

विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ खेले सीरीज के आखिरी मैच को मिलाकर अब तक 259 वनडे पारियों में बल्लेबाजी की है, जिसमें वो 40 बार नॉटआउट रहे हैं। उन्होंने 12,754 रन बनाए हैं, जिसमें 46 शतक व 64 अर्धशतक हैं, उनका औसत 58.23 और स्ट्राइक रेट 93.68 है। उनका अधिकतम स्कोर 183 रन है।

यदि इतनी पारियों में सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड देखा जाए तो वो 22 बार नॉटआउट रहे, उन्होंने 10,105 रन बनाए थे, उनका औसत 42.63 और स्ट्राइक रेट 86.51 का था। 28 शतक और 50 अर्धशतक उनके नाम थे, उनका अधिकतम स्कोर 186 नॉटआउट था। इस लिहाज से विराट कोहली सचिन तेंदुलकर से बहुत आगे दिख रहे हैं।

कुछ साल पहले विजडन ने प्रभावशाली क्रिकेटर्स की सूची जारी की थी, जिसमें सचिन का नाम नहीं था और तब भारतीय क्रिकेट प्रेमियों ने काफी हो–हल्ला मचाया था। विजडन का कहना था कि सचिन ने बड़े अवसर पर मैच विनर की भूमिका नहीं निभाई। उनकी कोई ऐसी पारी नहीं है, जो टीम इंडिया को संकट से निकाल कर ले गई हो और मैच जिताया हो।

मैच विनर कोहली

इसके विपरीत विराट कोहली की पहचान ही मैच विनर की है। उन्हें चेज मास्टर कहा जाता है। पिछले साल टी–20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ जब सभी ने भारत की हार मान ली थी, तब विराट कोहली ने अकेले दम पर टीम इंडिया को जीत दिलाई। उस मैच में एक समय तो 8 गेंदों पर 28 रन चाहिए थे, लेकिन उस असंभव स्कोर को विराट ने संभव बना दिया था।

बतौर कप्तान भी यदि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की तुलना करें तो विराट ही इक्कीस रहेंगे। सचिन ने 73 वनडे मैचों में कप्तानी की और मात्र 23 मैच भारत जीत सका था। टेस्ट में तो उनका रिकॉर्ड और खराब रहा। 25 टेस्ट मैचों में से भारत 9 मैच हार गया था, जबकि 5 में जीत मिली थी और 11 मैच बेनतीजा रहे थे।

जहां तक विराट कोहली की कप्तानी की बात है तो उन्हें भारत के सफलतम कप्तानों में गिना जाता है। विराट की कप्तानी में 95 वनडे में 65 मैच भारत जीता और 27 में शिकस्त मिली, विराट ने 68 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया और 40 मैच जिताए, जबकि 17 में हार मिली और 11 बेनतीजा रहे।

हालांकि, विराट कोहली की आलोचना इस बात के लिए भी होती रहती है कि वह कोई बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट टीम इंडिया को नहीं जिता पाए। शायद यही कारण था कि उन्हें कप्तानी छोड़नी पड़ी।

सचिन तेंदुलकर का क्रिकेट करियर देखा जाए तो उन्होंने नवंबर 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची में टेस्ट डेब्यू किया था और अपना अंतिम टेस्ट मुंबई में नवंबर 2013 में खेला था, यानी सचिन ने 24 साल क्रिकेट मैदान पर बिताए। इस दौरान उन्होंने 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी–20 इंटरनेशनल खेला। टेस्ट में 53.78 के औसत से उनके 15,921 रन हैं, जिसमें 51 शतक शामिल हैं। 463 वनडे में उनके 44.83 के औसत से 18,426 रन हैं, जिसमें 49 शतक शामिल हैं।

विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था और वेस्टइंडीज के खिलाफ जून 2011 में उन्हें टेस्ट टीम में आने का मौका मिला। वर्ष 2008 से अब तक वह 268 वनडे खेल चुके हैं, जिसमें 12,754 रन उन्होंने बनाए हैं, उनका औसत 58.23 का है और 46 शतक लगा चुके हैं। टेस्ट में भी विराट का रिकॉर्ड अच्छा है। 104 टेस्ट मैच खेलकर उन्होंने 8119 रन बनाए हैं और उनका औसत 48.90 का है, उन्होंने 27 शतक लगाए हैं।

विराट में भरपूर प्रतिभा

यह कहना बेहद मुश्किल है कि विराट कोहली सचिन तेंदुलकर की भांति 24 साल सक्रिय क्रिकेट खेल पाएंगे या नहीं, क्योंकि अब विराट की उम्र 34 साल हो चुकी है। उनका बामुश्किल 4–6 साल का करियर बचा है। वह सचिन के बराबर टेस्ट और वनडे भी संभवतः नहीं खेल पाएंगे, लेकिन क्रिकेट प्रेमियों को यह उम्मीद तो है कि सचिन तेंदुलकर के कई रिकॉर्ड वह इन वर्षों में तोड़ जरूर देंगे।

शायद दोनों महान बल्लेबाजों की तुलना बेमानी हो, लेकिन क्रिकेट इतिहास में तुलना होती रहेगी और जब भी रिकॉर्ड बुक पर देखा जाएगा तो विराट कोहली एक बड़े सफल बल्लेबाज और खिलाड़ी नजर आएंगे। हालांकि, यह नहीं कहा जाएगा कि सचिन कमतर खिलाड़ी थे। इतिहास सचिन को क्रिकेट के भगवान और विराट को किंग कोहली के नाम से ही पहचानेगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## छात्र–छात्राओं ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के छात्रों ने अपने टेक्निकल मेगा इवेंट टेकिस्ता ६.0 का गोमती नगर स्थित कॉलेज कैंपस में सफल आयोजन किया। टेकिस्ता 6.0 का उद्देश्य छात्र , छात्राओं के बीच टेक्निकल स्किल्स को बढ़ावा देना है और इसी के चलते इस इवेंट की रूपरेखा तय की जाती है। इवेंट के मुख्य आकर्षण ब्लाइंड कोडिंग, स्टार्ट अप ओले, डिजाइन होलिक और टेक क्विज प्रतियोगिताए रही . जिसमे न सिर्फ लखनऊ बल्कि नोएडा, कानपुर , बनारस और दिल्ली अलग अलग शिक्षण संस्थानो से आये छात्र – छात्राओं ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हिमांशु पांडेय (प्लसमेंट कोऑर्डिनेटर, FOET , लखनऊ विश्वविधालय) एवमं शालिनी लाम्बा (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस, नेशनल PG कॉलेज ) रहे। टेकिस्ता ६.0 का थीम मार्वल स्टूडियोज रही और इसी के चलते बच्चों ने अवेंजर्स, एन्डगेम, स्पाइडर



मैन, आयरन मैन, वाकांडा, और डॉक्टर स्ट्रेंज पर आधारित रोबोट और सेल्फी पॉइंट बनाया। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर राजीव तुली ,डीन डॉक्टर विवेक गुप्ता ,प्रिंसिपल , एडमिनिस्ट्रेटर और सभी फैकल्टी उपस्थित रहे. बच्चों के लिए उन के कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के शिक्षक पारुल रस्तोगी, नीरज सक्सेना और नीलेश खरे इस इवेंट के प्रेरणास्रोत रहे. विजेता सूची ब्लाइंड कोडिंग स्टार्ट अप ओले डिजाइन होलिक टेक क्विज रही।

## एस के डी अकादमी के निदेशक मनीष सिंह का इलाहबाद हाईकोर्ट के आदेश के सम्बन्ध में बयान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के सम्बन्ध में पूरा समर्थन करते हुए हम यह कहना चाहते है की वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के समय में मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए एस.के.डी. एकेडमी के प्रबन्धन ने स्वयं ही फीस न बढ़ाने का निर्णय लिया एवं पूरी फीस में 30 प्रतिशत छूट का प्राविधान कर दिया था और दो शैक्षिक सत्र–2020–2021 एवं 2021–2022 में किसी भी प्रकार की फीस में कोई वृद्धि नही की गयी एवं प्रबंधन की यही मंशा रही कि धन के अभाव में किसी भी छात्र की शिक्षा बाधित न हो। ऐसे समय में कोरोना से ग्रसित अभिभावक 30 से 40 प्रतिशत फीस ही जमा कर पा रहे थे और उन पर संस्था की ओर से किसी भी प्रकार का दबाव नहीं दिया गया और साथ ही कोरोना महामारी में जिन परिवारों में किसी छात्र के अभिभावक की



दुःखद मृत्यु हुई तो संस्था ने उन बच्चों की 50 प्रतिशत से अधिक फीस माफ कर दी एवं और भी प्रकार से उनकी सहायता की जाती रही व जब तक वह हमारी संस्था में पढ़ेगे, उन की आधी–फीस माफ होगी।

## रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज लखनऊ की वाइस चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशिका का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप आफ कॉलेजेज, उ.प्र. की वाइस चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती पुष्पलता सिंह का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ छात्र–छात्राओं एवं शिक्षकों ने मनाया। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पलता सिंह ने सभी उपस्थित शिक्षकों और छात्र /छात्राओं को ध न्यवाद दिया। शिक्षकों और छात्र /छात्राओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। छात्र /छात्राओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रोग्राम किया और गुब्बारे छोड़े। उल्लेखनीय है कि रजत ग्रुप आफ कॉलेजेज की सभी शाखाओं में श्रीमती पुष्पलता सिंह का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। अंबेडकरनगर के रजत कॉलेज में बच्चों ने धूमधाम से जन्मदिन मनाया। इस अवसर समस्त शाखाओं के प्राचार्य, शिक्षक/




शिक्षिकाएं, छात्र /छात्राएं तथा परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि श्रीमती पुष्पलता सिंह ने सभी शाखाओं में स्वयं जाकर केक काटकर जन्मदिन को पूरी भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया।

## तंबाकू बिक्री के लिए लाइसेंस लेना होगा जरूरी : जल्द शुरू होंगे आवेदन

प्रयागराज ब्यूरो : तंबाकू या उससे बने उत्पादों की बिक्री के लिए अब लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नगर निगम ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव बाद नव गठित नगर निगम के नव गठित मिनी सदन में इस प्रस्ताव को पारित कराने की तैयारी है। प्रदेश के कुछ शहरों में तंबाकू बिक्री पर यह नीति लागू होने के बाद अब प्रयागराज में भी लाइसेंस जारी करने की निगम प्रशासन ने तैयारी कर ली है। सोमवार को नगर निगम के बहुउद्देश्यीय सभागार में तंबाकू वेंडर लाइसेंस प्रावधान लागू करने के लिए तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ एवं उत्तर प्रदेश वालियंटरी हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ की ओर से कार्यशाला हुई। इसमें तंबाकू विक्रेताओं को वेंडर लाइसेंस प्रणाली की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि लाइसेंस प्रणाली लागू होने से तंबाकू बिक्री सीमित होगी। साथ ही तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह का कहना था कि तंबाकू के सेवन से हो रही मौतों को रोकने के लिए वेंडर लाइसेंस प्रणाली को जल्द लागू करना आवश्यक है। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जनपद सलाहकार डॉ. शैलेश कुमार मौर्या ने भी इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी सी। उनका कहना है कि कोटपा अधिनियम 2003 को पूरी तरह से लागू करने के लिए इसकी धारा 456 एवं 7 का अनुपालन अनिवार्य होना चाहिए। इस दौरान अफसरों ने तंबाकू नियंत्रण पर रणनीति पर भी चर्चा की। उनका कहना था कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में इस आशय का प्रस्ताव लाया जाएगा, ताकि इसे लागू किया जा सके।तंबाकू लाइसेंस प्रणाली प्रयागराज में जल्द ही लागू की



जाएगी। इसके लिए नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। बोर्ड की सहमति से लाइसेंस प्रणाली लागू की जाएगी। अरविंद कुमार राय,अपर नगर आयुक्त । बिना लाइसेंस तंबाकू बेचते पहली बार पकड़े जाने पर दो हजार रुपये जुर्माना उत्तर प्रदेश वालियंटरी हेल्थ एसोसिएशन के रीजनल कोआर्डिनेटर पुनीत कुमार श्रीवास्तव बताते हैं कि सभी नगर निगमों में तंबाकू वेंडर लाइसेंस लागू होना है। इस उपविधि के लागू होने के बाद नगर निगम सीमा क्षेत्र में कोई भी दुकानदार बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद व सिगरेट आदि की बिक्री नहीं कर पाएंगे। पहली बार पकड़े जाने पर 2000 रुपये, दूसरी बार पकड़े जाने पर 5000 और तीसरी बार पकड़े जाने पर 5000 जुर्माना और प्राथमिकी दर्ज होगी। पंजीकरण एक साल के लिए होगा। इसके बाद नवीनीकरण कराना होगा। अस्थायी दुकान के लिए 200 रुपये और स्थायी दुकान स्वामी को 1000 रुपये पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। थोक बिक्री के लिए 5000 रुपये एक साल के लिए शुल्क के रूप में देना होगा।

## इमामबाड़े की दर–ओ–दीवार पर दिखेगी लखनवी तहजीब

लखनऊ ब्यूरो : जी–20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को आसिफी इमामबाड़े (बड़ा इमामबाड़ा) की दर–ओ–दीवार पर लखनऊ की तहजीब नजर आएगी। इमामबाड़े में रंग रोगन के साथ यहां आने वाले मेहमानों के इस्तकबाल के लिए रेड कार्पेट व मैट भी बदले जाएंगे। सोमवार को मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी संग इमामबाड़े का निरीक्षण कर इसे संवारने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने इमामबाड़े लेकर शहीद पथ तक बस के जरिये रूट का निरीक्षण भी किया। राजधानी में 13 से 15 फरवरी के बीच जी–20 सम्मेलन होने जा रहा है। इसमें देश–विदेश से बड़ी संख्या में मेहमान शामिल होंगे। मेहमानों को ऐतिहासिक इमारतों व लखनऊ की तहजीब से रुबरू कराने के लिए मंडलायुक्त रोशन जैकब ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, संयुक्त पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया, एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ बड़ा इमामबाड़े का जायजा लिया। इस दौरान मंडलायुक्त ने इमामबाड़ा और आसिफी मस्जिद की दीवारों का रंग रोगन व सभी लॉन की लैंडस्केपिंग, फूलों से सजावट कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि इमामबाड़ा परिसर की सीढ़ियों की स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने डीएम को सीढ़ियों की मरम्मत, फिलिंग, लेवलिंग व स्टोन पॉलिशिंग कार्य कराने के साथ इमामबाड़े के मुख्य भवन के बाहर रेड कार्पेट व भूल भुलैया में पड़ी रेड कार्पेट व इमामबाड़े के अंदर की मैट बदलवाने के निर्देश दिए। परिसर में नए डस्टबिन लगाने, कुर्सियां बदलने और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए कहा। मुख्य भवन के बाहर शू कलेक्शन कार्नर का ढांचा बदलकर अच्छी ब्रांडिंग कराने के साथ परिसर में साइनेज व डायरेक्शन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने आसिफी मस्जिद, इमामबाड़ा, भूल भुलैया व बावली के मैप व उनके इतिहास के बारे में बोर्ड लगवाने, परिसर के अंदर व बाहर की फसाड लाइटिंग का काम 15 दिन में पूरा करने को कहा। बस से रूट का किया निरीक्षण इमामबाड़े का निरीक्षण करने के बाद मंडलायुक्त ने बस के जरिये हजरतगंज, ताज होटल, बंधा रोड होते हुए शहीद पथ के रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने इमामबाड़े के बाहर फुटपाथ की पॉलिशिंग, रोड के किनारे झाड़ियों की कटाई, साफ–सफाई, शौचालय की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटों की चेकिंग, पोल पेंटिंग व मेंटेनेंस कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने रेजीडेंसी के बाहर लगे पेड़ों की वाशिंग, छटाई–कटाई, अतिक्रमण हटाने को कहा। मेट्रो की दीवारों की पेंटिंग, पिलर की सफाई, वाशिंग कराने, मेट्रो ब्रिज के नीचे ग्रीन बेल्ट की झाड़ियों की कटाई के निर्देश दिए। खराब ट्रैफिक बोलार्ड को बदलने, जरूरत के मुताबिक व्यू कटर लगाने और खराब साइन बोर्ड बदलने के लिए कहा। इमामबाड़े का लॉन पर्यटकों के लिए बंद आसिफी इमामबाड़े के प्रभारी हबीबुल हसन ने बताया कि मंडलायुक्त के निरीक्षण के बाद इमामबाड़ा परिसर के अंदर के लॉन को बैरिकेडिंग लगाकर पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है, ताकि लॉन हराभरा बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त ने इमामबाड़ा परिसर की दुकानों को लखनवी अंदाज में सजाने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रक–ट्रेलर में जोरदार टक्करः गैस कटर से केबिन काटकर ड्राईवर को निकाला : ट्रेलर चालक इंजन लेकर फरार

चंदौली ब्यूरो : मुगलसराय थाना क्षेत्र के डांडी के पास पड़ाव–पीडीडीयू नगर मार्ग पर मंगलवार की सुबह एक ट्रक और ट्रेलर मेंटक्कर हो गई। टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रक का चालक केबिन में ही फंस गया। पुलिस ने केबिन को गैस कटर से काटकर उसे बाहर निकाला। वहीं टक्कर के पास भाग रहा टाइल्स लदा ट्रेलर थोड़ी दूरी पर गड्ढे में जाकर पलट गया। उसका इंजन लेकर ड्राइवर फरार हो गया। गाजीपुर के सैदुपर गांव निवासी ओमकार यादव (45) अपनी ट्रक पर गौरा बादशाहपुर से चार सौ बोरी गेहूं लादकर चंदौली के डांडी स्थित आटे की फैक्ट्री के लिए आ रहा था। मंगलवार की सुबह पड़ाव डांडी से आ रहा था कि डांडी के पास पेट्रोल पंप के पास मुड़ रही टाइल्स लदी ट्रेलर से जोरदार टक्कर हो गई। ट्रक का केबिन पूरी तरह से पिचक गया और ड्राइवर ओमकार उसमें पुरी तरह से फंस गया। उसके चीखने चिल्लाने के बाद लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। पहले किरान से केबिन को तोड़ने का प्रयास हुआ पर वह नहीं टूट सका। इसके



बाद गैस कटर से ट्रक की केबिन काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला गया। उसे मामूली चोट आई थी। वहीं टक्कर के बाद थोड़ी दूर जाने के बाद सड़क के लिए खोदे गए गड्ढे में ट्रैलर भी पलट गई। लेकिन जब तक पुलिस पहुंची ट्रैलर चालक आगे के इंजन को लेकर फरार हो गया था। पीछे की ट्राली और टाइल्स गड्ढे में उलटी पड़ी थी। दुर्घटना के बाद मार्ग पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। बाद में दूसरे ट्रक पर बोरियां लादकर ट्रक को हटवाया गया।

## मकर संक्राति पर्व पर गोरखपुर में आए दिन हो रहे हादसे : वजह बन रहा चीनी मांझा

ब्यूरो गोरखपुर : मकर संक्राति के पर्व पर पतंग उड़ाने की पुरानी परंपरा है। लेकिन प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही के कारण यह परंपरा लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। पतंगबाजी के लिए बाजारों में धड़ल्ले से चीनी मांझा बिक रहा है। जबकि यह प्रतिबंधित है। कटने के बाद सड़कों और छतों पर गिरने वाली पतंगों में लगे चीनी मांझे में उलझकर लोग और पंछी भी घायल हो रहे हैं लेकिन इसकी बिक्री पर प्रतिबंध सख्ती से लागू नहीं हो पा रहा है। चीनी मांझे को नायलान और मैटेलिक पाउडर से मिलाकर बनाया जाता है, जो की काफी लचीला होता है। पतंग के पेच लड़ाते समय यह आसानी से कटने के बजाय खिंच कर और बढ़ जाता है। साथ ही सामान्य डोर से बने मांझे से सस्ता होने के चलते भी लोग इसे खरीदते हैं। पतंग कटने के बाद यह मांझा पंछियों के साथ ही दो पहिया वाहन चालकों के हाथ और गले में फंसकर उन्हें घायल करता है, कई मामलों में तो इससे लोगों की जान भी जा चुकी है। चीनी मांझे से कट गई थी युवक की गर्दन एक साल पहले नौसड़ के पास खजनी के संजय निगम की गर्दन चीनी मांझे में फंसकर कट गई थी। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। वहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। वहां चार दिन इलाज के बाद उनकी जान बच सकी थी। सख्त कार्रवाई ही लगा सकती है लगाम वर्ष 2017 में एनजीटी ने चीनी मांझे पर पाबंदी लगा दी थी। इसके बाद कहा गया था कि चीनी मांझा बेचने वालों के खिलाफ एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एक्ट (पर्यावरण संरक्षण अधिनियम) के तहत कार्रवाई की जाए। यदि किसी के खिलाफ इस अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी तो उसे पांच साल की सजा या एक लाख जुर्माना हो सकता है। लेकिन, इस पर कार्रवाई नहीं की जाती है। इसकी एक वजह यह भी है कि कोई आगे आता नहीं और इसकी खरीद–फरोख्त करने वाले इसका फायदा उठाते हैं। सिटी मजिस्ट्रेट अंजनी सिंह ने कहा कि चीनी मंझा पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसे बेचना और इस्तेमाल करना दोनों अवैध



ा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चीनी मंझा बेचने वाले के बारे में यदि किसी को भी जानकारी हो तो वह मेरे मोबाइल नंबर 9454416213 पर सूचना दे सकता है। तत्काल छापा मारकर जांच की जाएगी और चीनी मंझा बरामद होने पर कार्रवाई की जाएगी। सूचना देने वाला यदि चाहे तो उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। सूरजकुंड निवासी बबलू मैकेनिक हैं। 12 जनवरी को वह बाइक से विजय चौक के पास स्थित अपनी दुकान जा रहे थे। सूरजकुंड फ्लाईओवर पर गले में कुछ फंसा महसूस हुआ। बाइक रोके तब तक मंझा गले में फंस गया। हाथ से खींचने पर उनकी अंगुली कट गई। घबराकर वह वहीं पर बैठ गए थे, राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया था। 23 दिसंबर को सीए फाइनल की छात्रा मेहता घायल हो गईं थीं। वह स्कूटी से जा रही थीं और तरंग क्रॉसिंग के पास ही मंझे में फंसकर उनकी गर्दन कट गई थी। उन्होंने घर पर फोन करके बताया, जिसके बाद उसके परिजन उन्हें अस्पताल ले जाकर इलाज कराए थे। 16 जनवरी को मोहद्दीपुर में राजीव कुमार चीनी मंझे की चपेट में आने से घायल हो गए। वह बाइक से मोहद्दीपुर चौराहे की तरफ जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी बाइक से मंझा फंस गया। जब तक वह बाइक रोकते, तब तक उनकी अंगुली कट गई। अंदर तक घाव होने की वजह से जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उन्हें नौ टांके लगाए हैं।

## नकली कीटनाशक दवा खाद बीज बिक्रेताओ पर किसानो का आक्रोश : फरजी बिक्रेताओ पर हो अतिशीध्र कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : किसान एकता मंच महराजगंज की मासिक बैठक सोमवार ग्राम पंचायत अमारी सम्पंन हुई ! जिसमे किसानो ने फरजी कीटनाशक दवा व फरजी खाद बीज बेचने वाले अबैध दुकानदारो के खिलाफ कार्यवाही कराये जाने की मांग की ! बैठक मे महामंत्री शम्भू सिह ने हो रहे किसानो के उत्पीडन पर नाराजगी जताते हुए सहकारी समितियो पर यूरिया खाद उपलब्ध न होने की दशा मे आक्रोश जताते हुए प्राईवेटअबैध दुकानो पर नकली कीटनाशक दवा और डुब्लीकेट खाद बिक्री पर रोक लगाये जाने व उनके खिलाफ उचित कार्यवाही किये जाने कि मांग की! किसान एकता संयोजक कृष्ना सिह व अध्यक्ष धर्मराज यादव ने विभागीय उदासीनता पर नाराजगी जताते हुए एडीओ कृषि महराजगंज को एक सप्ताह भीतर चेतावनी दी !यदि एक सप्ताह अन्दर नकली दवा बिक्रेताओ पर कार्यवाही नही हुई तो किसान आन्दोलन को बाध्य होगा ! इस विषय मे एडीओ कृषि सत्येन्द्र सिह का कहना है वे सम्बन्धित उच्चाधिकारियो को किसान आन्दोलन की जानकारी दे दी है आश्वासन दिया कि अति शीध्र फरजी बिक्रेताओ पर जांच अभियान के तहत कार्यवाही होगी ! बैठक मे कन्हई यादव नन्हेलाल सुदामा पटेल अवधेश सिह शम्भूनाथ सिह रामयश यादव ब्रम्हदेव यादव लालसाहब सिह धनंजय सिह राजकुमार महेन्द्र सिह अशोक कुमार समेत तमाम किसान उपस्थित रहे।

## "सांस्कृतिक विरासत को संजोने का नाम है संगम : धूम धाम से मनाया गया संगम परिवार का स्थापना दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देहरादून । सांस्कृतिक विरासत को संजोने का नाम है संगम यह बात उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष श्री मति ऋती खंडूरी ने कही । वह संगम ट्रस्ट के आठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष पर मकर संक्रांति पर आयोजित संगम मिलन समारोह पर बतौर मुख्यअतिथि सम्बोधित कर रही थी । उन्होंने कहाँ सामाजिक कार्यों के साथ साथ आज अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने की भी जरूरत है जो की संगम ट्रस्ट बखूबी कर रहा है । उन्होंने कहा कि आज बच्चों को अच्छे शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने की जरूरत है । उन्होंने संगम ट्रस्ट के कामों की सराहना करते हुए ट्रस्ट को और मजबूती से समाजसेवा की बात की । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संगम ट्रस्ट के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि जिन उद्देश्यों को लेकर संगम ट्रस्ट बनाया गया है उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा । संगम ट्रस्ट के बिषय में सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में संगम कैसे जरूरत मंदलोगों को मदद पहुँचाया है और पहुँचा रहा है । कोषाध्यक्ष शिव शंकर कुशवाह ने ट्रस्ट का लेखा जोखा रखा । संगम के उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने पूरे प्रदेश से आए सभी पदाधिकारीओं और सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में देहरादून नगर




निगम मेयर सुनील उनियाल गामा भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर शिक्षा से जुड़े कई प्रबुद्ध हस्तियों ने प्रदेश के समृद्धि एवं विकास के विषयों पर चर्चा की तथा प्रदेशवासियों को को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय प्रोफेसर ओंकार सिंह, कुलपति आईसीएफएआई विश्वविद्यालय रामकरण सिंह, संगम ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश तिवारी, उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष शिव शंकर कुशवाहा, अनिता सक्सेना , रवि सरन , विवेक श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।इस अवसर पर पीयूष निगम , ब्यमकेश दुबे , अमित जायसवाल , विक्रम श्रीवास्तव ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कवि श्रीकांत श्री ने किया ।

## शरद यादव के निधन पर समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक न्याय के पुरोधा शरद यादव के निधन पर आज समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर आयोजित शोकसभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समाजवादी पार्टी के जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शरद यादव जीवन पर्यन्त समाजवादी विचारों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत रहे। उन्होंने आपातकाल में लोकतंत्र बचाने के लिए जेल की यातनाएं भी सही। उन्होंने सड़क से सदन तक पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। संसद में उनके विचारों को सभी लोग बहुत गम्भीरता से सुनते थे। उनका निधन समाजवादी आंदोलन के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इस अवसर पर शरद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना



की गई तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। शोकसभा में पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव महासचिव हिसामुद्दीन शाह उपाध्यक्ष राम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी लाल मोहम्मद रायनी जयप्रकाश प्रिन्शू आशा राम यादव इरशाद मंसूरी विक्की यादव सोनी यादव आशीफ शाह नेताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नहर से हाथ–पांव बंधे एक युवक का शव मिलने से मची सनसनी : पुलिस जांच में जुटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नेवढ़िया थाना अंतर्गत शारदा सहायक नहर से सोमवार को हाथ–पांव बंधा एक युवक का शव मिला, जिससे सनसनी फैल गई है। युवक की हत्या कर शव नहर में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस जांच में जुटी है। शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। आशंका जताई गई है कि युवक की बेरहमी से हत्या की गई है, जिसके बाद शव को नहर में फेंक दिया गया। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के दीपापुर गांव स्थित शारदा सहायक बाबतपुर रजवाहा नहर किनारे टहलने गए ग्रामीणों ने युवक का हाथ पैरा बंध शव देखा। उन्होंने तत्काल ही सूचना गांव में दी तो पुलिस तक भी जानकारी पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम को जानकारी दी। घंटों बाद पहुंची डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम के जांच पड़ताल करने बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। युवक के पास से ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष है। मुंह और पीठ पर गंभीर चोट के निशान हैं। हाथ–पैर बंधे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। जिसके बाद हाथ–पांव बांधकर नहर में फेंक दिया गया। इस तरह शव मिलने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। थानाध्यक्ष अंगद तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त की कोशिश जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का असली कारण पता चल पाएगा।

## पीपल के पेड़ में बाइक टकराने से एक युवक की मौत : दूसरा घायल

सोनभद्र ब्यूरो : विंढमगंज थाना क्षेत्र के जोरुखाड़ गांव में रीवा–रांची राजमार्ग पर मंगलवार की रात पीपल के पेड़ से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। झारखंड के नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र निवासी विष्णु कुमार ( 20 ) पुत्र अजय हरिजन एवं उसका फुफेरा भाई दिलीप कुमार (20) पुत्र विन्ध्येश्वरी निवासी बुटबेढ़वा थाना विंढमगंज मंगलवार की रात दस बजे दुद्धी से दवा लेकर घर वापस लौट रहे थे। दुद्धी–विंढमगंज मार्ग पर जोरुखाड़ गांव में सड़क के किनारे खड़े पीपल के पेड़ से अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिससे बाइक चला रहे विष्णु कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। दिलीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देकर घायल युवक को दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र




में भेजवाया। विंढमगंज थानाध्यक्ष मनोज ठाकुर ने बताया कि घटनास्थल पर मौजूद पीपल के पेड़ की वजह से दो महीने के भीतर चार मौतें हो चुकी हैं। पेड़ कटवाने के लिए वन विभाग को पत्र लिखा जा रहा है।

## आरोपी दोष मुक्त थानाध्यक्ष व दरोगा झूठ साक्ष्य गढ़ने में तलब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यायिक मजिस्ट्रेट पंचम योगिता कुमार ने फर्जी बरामदगी दिखाने के मामले में मुंगरा बादशाहपुर पुलिस कानून के शिकंजे में फंस गई है।कोर्ट ने आरोपि को दोषमुक्त कर दिया। आरोपि ने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध फर्जी बरामदगी दिखाकर झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने का हवाला देते हुए कोर्ट में तत्कालीन थानाध्यक्ष मुंगरा बादशाहपुर लालजी यादव, निरीक्षक बृजेश सिंह व सुदेश कुमार सिंह के विरुद्ध मुकदमा दाखिल किया। कोर्ट ने गवाहों के बयान के आधार पर प्रथम दृष्टया पाया कि पुलिस के कर्मियों ने लोक सेवक होते हुए न्यायिक कार्यवाही में आरोपि के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य दाखिल किया गया । गलत ढंग से प्रपत्र तैयार किया गया तथा न्यायालय के प्रपत्र में कूट रचना किया। न्यायालय ने लालजी यादव व बृजेश सिंह को विभिन्न धाराओं में तलब किया। सुदेश सिंह के खिलाफ मामला नहीं पाया गया। अगली सुनवाई 4 मार्च 2023 को नियत है । बता दें कि मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के निवासी ग्राम भुसौला भीखमपुर निवासी रमेश चंद्र दुबे ने तत्कालीन थानाध्यक्ष लालजी यादव समेत तीन के खिलाफ अधिवक्ता प्रवीण सिंह सोलंकी के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया कि 24 अक्टूबर 2008 को 4:10 बजे मुंगरा बादशाहपुर पुलिस कर्मियों द्वारा फर्जी ढंग से गिरफ्तार किया गया ।उसके पास से एक कमांडर जीप व एक अन्य वाहन की बरामदगी दिखाई गई। वादी व सह अभियुक्त के पास बरामद गाड़ी का रजिस्ट्रेशन प्रपत्र व जीप के इंजन, चेसिस नंबर में भिन्नता दर्शाते हुए धोखाधड़ी,जालसाजी व चोरी का वाहन बरामदगी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। वादी व सह अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में भेजा गया ।बाद में जमानत हुई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा मामले का विचारण करने व दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात 18 सितंबर 2018 को रमेश को दोषमुक्त कर दिया। पुलिसकर्मियों द्वारा जानबूझकर दूषित भावना से रमेश को नुकसान पहुंचाने की नियत से मिथ्या साक्ष्य गढ़ा गया और कोर्ट में शपथ पूर्वक बयान देते हुए कूट रचित फर्द बरामदगी दाखिल की गई। वह कई दिनों तक जिला कारागार में निरुद्ध रहा। कोर्ट में वादी ने अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मिथ्या साक्ष्य व कूट रचना का गंभीर मामला पाया और पुलिस कर्मियों को विचारण के लिए कोर्ट ने विभिन्न धाराओं में तलब किया।

## मांगों के समर्थन में प्रधान संघ ने प्रधानमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकासखंड मुख्यालय पर अपनी मांगों के समर्थन में प्रधान संघ सुइथाकलां पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रकाश दूबे ने प्रधानमन्त्री के नाम खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश मोहन श्रीवास्तव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में सात सूत्रीय प्रमुख मांगों के क्रम में मनरेगा आनलाइन हाजिरी बन्द करने,मनरेगा मजदूरी 400 व राजमिस्त्रियो की 600 रूपये करने,मनरेगा का नियमित भुगतान, राजवित्त आयोग और प्रशासनिक आयोग की सिफारिशों को प्रदेश में लागू करने,पंचायत सहायक,सामुदायिक शौचालय केयर टेकर व ग्राम प्रधान के मानदेय हेतु अलग बजट आवंटित करने,शस्त्र लाइसेंस में वरीयता देने तथा प्रधानों का न्यूनतम मानदेय 20000 करने के अलावां पेंशन की सुविधा प्रदान करने की मांग सौंपी गई। बैठक में राम सकल वर्मा,प्रवीण सिंह, विजय कुमार सिंह, अमन वर्मा, राम सकल बिन्द, उमाशंकर यादव, मनोज यादव, दिनेश जायसवाल, बच्चू लाल यादव, छोटे लाल बिन्द, रेखा सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य प्रधानगण मौजूद रहे।

## वेतन की मांग को लेकर संविदा लाइनमैनो ने किया प्रदर्शन : कार्य का किया बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत तहसील क्षेत्र के डोभी, केराकत और देवकली उपखंड के संविदा पर तैनात लाइनमैनों ने वेतन की मांग को लेकर सोमवार से कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर उतर आए। संविदा कर्मी लाइनमैनो की मांग है कि उनका अभी तक उनका दिसम्बर माह का वेतन नहींध मिला और लगभग दो सालों से उनका पीएफ कंपनी ने नही जमा किया है और इएस आईकार्ड भी नही दिया है ।ध यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो बेसिल कंपनी के द्वारा कोई मदद भी नहीं मिलती है, संविदा कर्मी लाइनमैन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं और उनका कहना है कि जब तक हम लोगों की सभी मांगे बेसिल कंपनी नहीं पूरा कर देती तब तक हम लोग काम बंद हड़ताल पर रहेंगे। उपखण्ड अधिकारी आरके वैश्य ने बताया कि कम्पनी के पदाधिकारियों से बात हुई है, शाम तक वेतन देने का आश्वासन दिए हैं।

## थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानवा नेवढ़िया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 05/2023 धारा 498 ।ध 306 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जितेन्द्र यादव उर्फ आकाश यादव पुत्र मूलचन्द यादव निवासी पूरेलला थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त जितेन्द्र यादव उर्फ आकाश यादव पुत्र मूलचन्द यादव निवासी पूरेलला थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र 33 वर्ष गिरफ्तारी करने वाली टीम 1. प्रभारी निरीक्षक अंगद प्रसाद तिवारी थाना नेवढिया जौनपुर 2. उ0नि0 अरबिन्द थाना नेवढिया जौनपुर 3. का0 विष्णुशरण तिवारी थाना नेवढिया जौनपुर 4. का0 मनीष कुमार थाना नेवढिया जौनपुर।

## साजिदा गर्ल्स इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार 18 से 24 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम के तहत 17 जनवरी 2023 को साजिदा गर्ल्स इंटर कॉलेज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान का प्रथम कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। उक्त अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शपथ दिलाकर महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक द्वारा कहा कि हमें लड़कियों के महत्व को समझना होगा। लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अगर उन्हें सही समय पर उपयुक्त अवसर और सुविधाएं दी जाएं तो वे क्या नहीं कर सकती। इसके विपरीत हम बेटियों को बोझ मानकर गर्भ में ही मरवाना चाहते हैं अगर वो पैदा हो जाती है तो हर स्तर पर उसके साथ भेदभाव करते हैं, विवाह की चिंता में लगे रहते हैं। गांव और शहर दोनों ही जगह लड़कियों की सुरक्षा के लिए खतरा हमारे अपने ही बेटों से रहता है अगर बच्चों के पालन–पोषण में समानता रखी जाएगी तो बेटे–बेटियों का सम्मान करना सीखेंगे। लड़कियों को आगे बढने और हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित करते हुए बेटियों को शिक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह व बबिता, विद्यालय की प्रधानाचार्या और समस्त शिक्षिकाये ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जौनपुर पुलिस टीम ने साइबर ठगी 06 व्यक्तियों के खाते में कुल रुपया 320994 कराया गया वापस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद में साइबर अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व साइबर क्राइम नोडल अधिकारी डा0संजय कुमार के निर्देशन व पर्यवेक्षण में साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा कुल 06 व्यक्तियों के खाते में तीन लाख बीस हजार नौ सौ चौरान्बे रुपये की धनराशि वापस करायी गयी । साइबर क्राइम से प्रभावित व्यक्तियों का विवरणः– 01. श्री निजामुद्दीन थाना क्षेत्र सिंगरामऊ को साइबर ठगों द्वारा फोनकर धोखे से क्रेडिट कार्ड की डिटेल प्राप्त कर पीड़ित के कार्ड से रूपये आनलाइन निकाल लिए गये थे जिसमें आवेदक के खाते में रूपयाकृ 80000 वापस कराया गया । 02. श्री रामाश्रय यादव थाना क्षेत्र चन्दवक के आधार कार्ड का प्रयोग कर एईपीएस पेमेण्ट के माध्यम से पुरा पैसा निकाल लिया गया था जिसमें आवेदक के खाते में रूपया 61000 वापस कराया गया। 03. श्री विमलेश यादव थाना क्षेत्र मुगराबादशाहपुर को साइबर ठगों द्वारा फोन कर धोखे से एनीडेक्स ऐप डाउनलोड कराकर आवेदक के फोन को रिमोटली कंट्रोल कर आवेदक के खाते से पैसा उडा लिया गया जिसमें साइबर सेल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए रूपया 60000 वापस कराया गया। 04.




श्री ब्रिजेश कुमार थाना क्षेत्र चन्दवक का आधार से पैसा निकाल लिया गया था जिसने खाते में रूपया 20000 वापस कराया गया है। 05. श्री आलोक कुमार थाना क्षेत्र सरायख्वाजा के खाते में रूपया 5000 वापस कराया गया । 06. डा0 विक्रमदेव थाना क्षेत्र सराख्वाजा के खाते से हुए फ्राड में से रूपया 94994 वापस कराया गया । पैसा वापस कराने वाली साइबर टीम– 1.हे0का0 ओपी जायसवाल साइबर सेल जनपद जौनपुर 2.का0 संग्राम सिंह यादव, साइबर सेल जनपद जौनपुर । 3. का0 सत्यम गुप्ता ,साइबर सेल जौनपुर । नोट आपके साथ यदि कोई साइबर ठगी होती है तो कृपया आप 1930 पर सम्पर्क करें या पुलिस लाइन जौनपुर स्थित साइबर थाना पर सम्पर्क करें।

## 1.650 किलोग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को थाना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में चौकी प्रभारी सिपाह उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखवीर की सूचना पर थाना स्थानीय के राजा साहब पोखरा के पास से अभियुक्त मो0 अव्वल पुत्र मो0 नबी निवासी मधारे टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को समय– 10.20 बजे गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से 1.650 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 008/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर बनाम मो0 अव्वल पुत्र मो0 नबी निवासी मधारे टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पंजीकृत किया गया । जिसे मा0 न्या0 रवाना किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त 1. मो0 अव्वल पुत्र मो0 नबी निवासी मधारे टोला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उम्र करीब 24



वर्ष बरामदगी 1–1.650 ग्राम नाजायज गांजा गिरफ्तारी टीम 1–उ0 नि0 अरविन्द कुमार यादव चौकी प्रभारी सिपाह थाना कोतवाली जौनपुर 2–का0 मेजर सिंह , थाना कोतवाली जौनपुर।

## थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर व क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 17.01.23 को प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस बल के सहयोग से थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 285/21 धारा 307/411/420/467/468 भादवि से संबन्धित वांछित अभियुक्त कमलेश कुमार हरिजन पुत्र श्री नगदू हरिजन निवासी ग्राम पतरही थाना चन्दवक जौनपुर उम्र 37 वर्ष को एक तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ मौधा रोड़ पतरही पुलिया से समय 11.15 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 03/13 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1.कमलेश कुमार हरिजन पुत्र श्री नगदू हरिजन निवासी ग्राम पतरही थाना चन्दवक जौनपुर। बरामदगी– एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर । आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 285/21 धारा 307/411/420/467/468 भादवि थाना



चन्दवक जनपद जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 28/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1–प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । 2–उ0नि0 देवेन्द्र कुमार दुबे चौकी प्रभारी पतरही थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 3–हे0का0 संजय सिंह थाना चंदवक जनपद जौनपुर । 4–हे0का0 सुनील राय थाना चंदवक जनपद जौनपुर 5–हे0का0 ओमप्रकाश थाना चंदवक जनपद जौनपुर 6–का0 ओमप्रकाश यादव थाना चंदवक जनपद जौनपुर 7–का0 अजय यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर ।

## थाना सिंगरामऊ जौनपुर द्वारा गोवध निवारण अधिनियम में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में मुखबिर खास की सूचना पर थानाध्यक्ष सिंगरामऊ श्री कमलेश कुमार मय हमराह का0 सोमेश्वर सिंह , का0 राजू यादव द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/22 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधि0 में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त नबी आलम पुत्र गुलाम मोहम्मद उर्फ गुलई निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष को समय करीब 09.45 बजे रताशी चौराहे से घनश्यामपुर जाने वाले रोड से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता




अभियुक्त 1.नबी आलम पुत्र गुलाम मोहम्मद उर्फ गुलई निवासी मल्लूपुर थाना सिंगरामऊ जनपद जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष गिरफ्तारी टीमः 1.थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना सिंगरामऊ जौनपुर 2.का0 सोमेश्वर सिंह थाना सिंगरामऊ जौनपुर 3.का0 राजू यादव थाना सिंगरामऊ जौनपुर।

# सपा में शिवपाल को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी : बनाए जा सकते हैं महासचिव तथा पुत्र आदित्य का बढ़ेगा कद

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जल्द ही अपने चाचा शिवपाल सिंह यादव को पार्टी कर राष्ट्रीय महासचिव बना सकते हैं। प्रदेश में भाजपा के खिलाफ आंदोलन को तेज करने के लिए शिवपाल को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अलावा उनके बेटे आदित्य यादव को भी पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलनी तय है। इन मुद्दों को लेकर सोमवार को अखिलेश यादव और शिवपाल के बीच मंथन हुआ। अति पिछड़ों एवं दलितों को साथ लेकर संगठन के विस्तार पर भी दोनों में एकराय बनी। मैनपुरी लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सपा–प्रसपा का विलय हो गया है। बीते दिनों अखिलेश ने कहा था कि शुभ दिन आने के बाद संगठन का विस्तार करेंगे। आखिरकार वह शुभ दिन सोमवार को आ गया और बीते विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार अखिलेश शाम को राजधानी में शिवपाल के घर पहुंचे। दोनों के बची करीब 45 मिनट सियासी मंथन किया। सूत्रों का कहना है कि शिवपाल व आदित्य के अलावा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले नेताओं को भी समायोजित करने पर सहमति बनी। इस बार राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी में कुछ नए चेहरों को जगह मिल सकती है। नए पदाधिकारियों को लेकर भी दोनों के बीच बातचीत हुई है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि शिवपाल के नेतृत्व में जिलेवार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। क्योंकि सपा निकाय चुनाव के साथ लोकसभा चुनाव में भी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है। इसके लिए शिवपाल का मैदान में उतरना जरूरी माना जा रहा है। पिछले सप्ताह



शिवपाल ने खुद कहा था कि अखिलेश उनके भतीजे हैं। वे पूरे देश के नेता हैं। यूं चला घटनाक्रम लखनऊ में शिवपाल के आवास पर इससे पहले 21 दिसंबर 2021 को अखिलेश गए थे। दोनों के बीच बातचीत हुई। शिवपाल ने समर्थन का एलान किया। उन्होंने 50 उम्मीदवारों की सूची दी। लेकिन टिकट सिर्फ शिवपाल को मिला। चुनाव बीता। विधायक दल की बैठक में शिवपाल नहीं बुलाए गए। नाराज शिवपाल ने सपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। लेकिन सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद शिवपाल–अखिलेश साथ–साथ रहे। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के दौरान अखिलेश पत्नी डिंपल के साथ चाचा के घर पहुंचे और उन्हें राजी कर लिया। मैनपुरी चुनाव जीतने के बाद शिवपाल ने अपनी गाड़ी से प्रसपा का झंडा उतारकर सपा का झंडा लगा लिया।

# सराय सुल्तानी पर दो समुदायों में पथराव : रात भर रहा तनाव

अलीगढ़ ब्यूरो : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय के बगल में मिश्रित आबादी वाले अतिसंवेदनशील सराय सुल्तानी में सोमवार देर शाम दो समुदायों में पथराव हो गया। यह घटना एक ढाबे पर बाइक खड़ी करने के विवाद में दो युवकों के झगड़े से शुरू हुई। कुछ ही देर में वहां दोनों पक्षों के युवा आमने–सामने आ गए। पथराव मारपीट में दो युवकों के चोट आई है। देर रात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तमाम युवाओं की भीड़ आगरा रोड पर जाम लगाए खड़ी थी। इसी क्रम में रात 12 बजे भी गली में से गुजर रहे युवकों पर पत्थर फेंके गए और चर्चा हवाई फायर की भी है। सासनी गेट पक्की सराय का हिमांशु नाम का ताला व्यापारी युवक करीब नौ बजे आगरा रोड सराय सुल्तानी स्थित होटल पर खाना लेने गया था। इसी दौरान वहां बाइक खड़ी करने को लेकर दूसरे समुदाय के युवक से कहासुनी हो गई। हिमांशु पक्ष का आरोप है कि इस दौरान उसे होटल संचालक सहित कई युवकों द्वारा मिलकर पीटा गया। इस मारपीट में उसके चोट आ गई। इस पर उसने अपने भाई आकाश को फोन किया तो वह अपने साथ तमाम युवकों को लेकर मौके पर पहुंचा तो वहां विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से मारपीट के बीच पथराव हो गया। इस दौरान आकाश के भी सिर में चोट आ गई। कुछ ही देर में वहां तनाव के हालात बन गए। अफरा–तफरी के बीच आनन–फानन आसपास का बाजार व ढाबे बंद हो गए। रास्ते पर आवाजाही थम गई। दूसरे पक्ष का आरोप है कि हिमांशु पक्ष शराब के नशे में आया था और उसी वजह से विवाद हुआ। खबर पर सराय सुल्तानी चौकी पुलिस के साथ–साथ सासनी गेट इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच गए। जैसे तैसे भीड़ को नियंत्रित किया गया। सराय सुल्तानी पक्ष के युवक पुलिस को देख गलियों में घुस गए। पुलिस के सामने पथराव, जाम लगा इसके बाद हिमांशु–आकाश पक्ष के युवकों ने फोन मिलाकर अपने समर्थन में भीड़ जुटा ली और आगरा रोड पर सराय सुल्तानी चौकी के सामने बाइकें लगाकर जाम लगा दिया। पुलिस लोगों को समझाने लगी। मगर तत्काल गिरफ्तारी की आवाज बुलंद करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। फिर सराय सुल्तानी की ओर जाकर पथराव शुरू कर दिया। हालांकि कुछ ही ईंट फिंकीं और उधर से भी जवाब में ईंट पत्थर आए। मगर जैसे तैसे पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। इसी बीच खबर पर डीएम इंद्र विक्रम सिंह, एसएसपी कलानिधि नैथानी के अलावा एडीएम सिटी, एसपी सिटी, सीओ प्रथम, सीओ द्वितीय, सीओ तृतीय, सीओ इगलास, एसपी देहात पीएसी, क्यूआरटी व शहर के सभी थानों का पुलिस बल पहुंच गया। बाद में आईजी दीपक कुमार भी पहुंच गए। देर रात तक अधिकारी गलियों में भ्रमण कर स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे रहे। रात 12 बजे फिर चले पत्थर, एक हवाई फायर की चर्चा इस दौरान एक तरफ भीड़ जाम लगाए खड़ी थी। पुलिस गलियों में तलाश कर रही थी। तभी रात करीब 12 बजे सराय सुल्तानी पुलिस चौकी के बगल की गली में कुछ युवकों पर एक घर से पत्थर फेंका गया। जवाब में इधर से पत्थर फेंके गए तो एक हवाई फायर की भी चर्चा है और छत से फिर पत्थर फेंके गए। इस झगड़े में एक युवक के सिर में चोट आ गई। बाद में पुलिस ने वहां से कुछ लोग हिरासत में लिए हैं। कुल मिलाकर देर रात समाचार लिखे जाने तक हालात तनाव पूर्ण थे। तत्काल गिरफ्तारी



के लिए आगरा रोड पर जमी रही भीड़ इस सूचना पर वहां भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक सारस्वत, पूर्व मेयर शकुंतला भारती, राजीव अग्रवाल, राजीव शर्मा एसजेडी, विनय वार्ष्णेय, राजेंद्र वार्ष्णेय चीफ, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमन गुप्ता, हर्षद हिंदू, विशाल देशभक्त, अजय गुप्ता, संजू बजाज सहित तमाम भाजपा नेता पहुंच गए। वहीं युवाओं की भीड़ आगरा रोड पर जाम लगाए खड़ी थी। तत्काल गिरफ्तारी की आवाज बुलंद की जा रही थी। पुलिस की टीमें लोगों को समझाकर सराय सुल्तानी की ओर जाने से रोके हुए थीं और गिरफ्तारी के लिए दबिश अभियान जारी था। वहीं आगरा रोड पर दोनों ओर से आवाजाही भी बंद कर दी गई थी। सीओ पर आरोप लगाकर वापस लौटाया इस घटना की खबर पर सीओ मौके पर कुछ देरी से पहुंचे। इस दौरान युवकों की भीड़ ने उन पर यह आरोप लगाया कि वे एक तो समय पर नहीं आए और ऐसा लग रहा था कि वे नशे में थे। इस पर उनके खिलाफ हूटिंग करते हुए उन्हें वापस कर दिया। बाद में स्थिति को देख वे खुद ही भीड़ से हट गए। मंदिर के पास मीट के होटल बताए फसाद का कारण इस दौरान मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक सारस्वत, वरिष्ठ नेता डा.राजीव अग्रवाल ने शहर के प्रमुख धर्मस्थल से चंद दूरी पर मीट के होटल फसाद का कारण बताए हैं। युवाओं की भीड़ के समर्थन में उन्होंने कहा है कि जब तक ये होटल नहीं हटेंगे, तब तक हालात नियंत्रित नहीं होंगे। साथ में गिरफ्तारी की बात उठी है। शुरू में फोर्स की कमी से जूझते इंस्पेक्टर सासनी गेट इस सूचना पर सराय सुल्तानी, अचलताल चौकी प्रभारी के साथ–साथ इंस्पेक्टर सासनी गेट भी पहुंच गए थे। उनके सामने हिमांशु पक्ष के युवकों ने जब दूसरे पक्ष की ओर पथराव किया और दुकानों पर ईंट पत्थर फेंके तो उधर से भी जवाब आया। यह देख कुछ देर लगा कि हालात बेकाबू हो रहे हैं। फोर्स कम है। मगर इंस्पेक्टर ने जैसे तैसे भीड़ को धकेलकर पीछे किया और इसी बीच अन्य फोर्स व अधिकारी पहुंच गए। शहर भर में दुकानों पर पुलिस ने चलाया डंडा आगरा रोड सराय सुल्तानी पर दो समुदायों में पथराव की खबर शहर भर में कुछ ही देर में फैल गई। तरह तरह की अफवाहें उड़ती रहीं। इस दौरान पुलिस भी सतर्क हो गई और मिश्रित आबादी व भीड़ वाले इलाकों में दुकानों को बंद कराकर लोगों को घरों में भेजा गया। पुराने शहर में विशेष सतर्कता की तैयारी इस घटना के बाद सासनी गेट, कोतवाली व देहली गेट के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस स्तर से विशेष सतर्कता की तैयारी है। इसे लेकर बाकायदा ड्यूटी आदि लगाई जा रही हैं। शहर के चंद संवेदनशील इलाकों में शुमार है सराय सुल्तानी सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील शहर के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सराय सुल्तानी बेहद संवेदनशील इलाकों में शामिल है। इसी वजह से मदार गेट से चंद कदमों की दूरी पर यहां पुलिस चौकी भी बनी हुई है। हालांकि अर्से बाद यहां दो समुदायों के बीच टकराव की घटना सामने आई है। मगर पुलिस रात में बेहद चौकन्ना है और तनाव भी बरकरार है। सराय सुल्तानी में दो पक्षों के बीच में झगडेध में पत्थर चले हैं। दो युवकों के चोट आई है। देर रात तक स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश व लोगों को समझाने में पुलिस टीमें लगी हैं। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। –कलानिधि नैथानी, एसएसपी सराय सुल्तानी में एक खाने के ढाबे के बाहर झगड़ा हुआ है। घटना की मूल वजह पता करने के साथ–साथ स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। बाकी सभी कार्रवाई नियम संगत होंगी।–इंद्र विक्रम सिंह, डीएम

# हाजी याकूब कुरैशी को सोनभद्र इमरान को सिद्धार्थनगर व फिरोज को बलरामपुर जेल में किया गया शिफ्ट

मेरठ ब्यूरो : पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी और उनके दोनों बेटों को दूरदराज जेल में शिफ्ट कर दिया गया है। याकूब कुरैशी को सोनभद्र इमरान को सिद्धार्थनगर और फिरोज को बलरामपुर जेल में शिफ्ट किया गया है। बता दें कि पूर्व मंत्री का रुतबा जेल जाने तक भी कम नहीं हुआ था। गिरफ्तारी के बाद जेल जाने के बाद भी हाजी याकूब से जेल में मुलाकात करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही थी। जिसको लेकर एसएसपी ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए शासन को रिपोर्ट भेजी थी। इस संबंध में अमर उजाला में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया था। एसएसपी रोहित सिंह सजवान का कहना कि तीन दिन पहले रिपोर्ट भेजी गई थी। जिसके चलते आप उन्हें शासन के आदेश के अनुसार तीनों पिता–पुत्र को अलग–अलग जिलों में शिफ्ट कर दिया गया है। साथ ही जेल में जिन–जिन लोगों ने याकूब कुरैशी और उनके बेटों से मुलाकात की है। उनका क्या कनेक्शन है, इसकी भी पड़ताल की जा रही है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि सोमवार देर रात पूर्व मंत्री और बेटों को पुलिस सुरक्षा में प्रदेश की अलग–अलग जेलों में शिफ्ट कर दिया गया है। पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी के सिर पर भले ही 50 हजार का इनाम था, लेकिन उनका रुतबा कम नहीं था। दिल्ली में आलीशान कोठी में परिवार सहित फरारी काट रहे थे। किसी तरह मेरठ पुलिस उनके पास तक पहुंची, लेकिन उनके रुतबे के सामने कमजोर दिखती रही। दिल्ली से मेरठ जिला कारागार की सलाखों तक याकूब को वीआईपी सुविधा दी



और पुलिसकर्मी उनके साथ सेल्फी लेते रहे। राजनीति के तहत फंसाया... कानून पर भरोसा पुलिस के मुताबिक, याकूब ने जेल जाने के दौरान कहा कि 2019 का लोकसभा का चुनाव लड़ना महंगा पड़ा है। राजनीति के तहत मुझे और मेरे परिवार के खिलाफ साजिशन मुकदमा दर्ज कराया गया है। मीट फैक्टरी में मुझे गए कई महीने हो गए थे। अब मेरा फैक्टरी से कोई लेना देना नहीं है। मेरी पत्नी को भी नामजद कराया है। कुछ लोग हमारे परिवार के पीछे पड़े हैं। छह महीने तक मेरी अर्जी पर सुनवाई नहीं हुई है। मेरा काफी नुकसान हो गया है। मुझे कानून पर भरोसा है, न्याय जरूर मिलेगा। इमरान पहली बार जेल गया याकूब का पुलिस और जेल से पुराना नाता है। करीब 20 साल पहले याकूब कुरैशी व पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बीच नगर निगम में ठेकेदारी को लेकर विवाद हुआ था। गोलीबारी में एक युवक की हत्या भी हुई थी। जिसमें याकूब जेल गए थे। हालांकि बाद में याकूब को क्लीनचिट मिल गई थी। लेकिन इमरान पहली बार ही जेल में गया है।

# झुक गए रेलिंग के पोलः आवागमन शुरू होने से पहले बह गया 81 करोड़ का बाइपास : गुणवत्ता की खुली पोल

अमेठी ब्यूरो : 81 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 6.634 किमी. बाईपास (एनएच 931 फेज वन) पर अभी आवागमन शुरू नहीं हुआ है पर इसमें कई दरारें आ गई हैं। सड़क किनारे की पटरी बह गई है और रेलिंग के पोल झुक भी गए हैं। अमेठी शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए 2014 में हुए सर्वे के आधार पर 2019 में बाईपास का निर्माण शुरू हुआ। बाईपास खेरौना, सरवनपुर, सराय राजशाह, महमूदपुर, रायपुर फुलवारी व जंगल रामनगर से होकर गुजरता है। यह पूर्वी व पश्चिमी छोर पर मुसाफिरखाना–अमेठी–प्रतापगढ़ हाईवे को जोड़ता है। इस पर रणवीर नगर मार्ग स्थित अंडरपास के पहले बनी काली सड़क में दरार आ गई है। किनारे की पटरी बह गई है। सुरक्षा के लिए लगाए गए पिलर झुक गए हैं। जिस स्थान पर मिट्टी कटकर बह गई है, वहां पिलर कंक्रीट समेत लटके हुए दिख रहे हैं। जबकि बाईपास



के लिए जमीन से कई मीटर ऊंचाई तक मिट्टी की भराई की गई थी। इस माह पूरा हो जाएगा कार्य अभी सड़क आवागमन के लिए खोला नहीं गया है। पटरी कटने समेत सभी खामियां जल्द दुरुस्त कर ली जाएंगी। पेंटिंग के साथ ही अन्य कार्य अभी बाकी हैं। कंपनी से चार वर्ष तक खामियों को दुरुस्त करने का करार है। बाईपास निर्माण इस माह पूरा हो जाएगा। – बीके राय, अधिशासी अभियंता, एनएच सुल्तानपुर

# लापता छात्र के मामले में गर्लफ्रेंड पर अटकी जांच की सुई

लखनऊ ब्यूरो : गोमतीनगर विस्तार के छोटा भरवारा निवासी बीफार्मा छात्र सुशोभित वर्मा की तलाश में पुलिस की जांच अब उसकी गर्लफ्रेंड पर आकर अटक गई है। दो महीने की कॉल रिकॉर्ड से सामने आया कि छात्र व उसकी गर्लफ्रेंड में काफी लंबी बातचीत होती थी। यही नहीं, छात्र आखिर बार युवती के घर से ही नाश्ता करके निकला था। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच के 29 दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। ऐसे में छात्र के निराश परिवारीजनों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव को पत्र भेज कर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।गोमतीनगर के छोटा भरवारा निवासी सुशोभित वर्मा 17 दिसंबर को कॉलेज के लिए निकला और शाम छह बजे कॉल कर देर से आने की बात कही थी। आखिर बार गोमतीनगर निवासी गर्लफ्रेंड के घर से निकलने की बात सामने आई थी। दुर्गेश कुमार वर्मा ने भाई की गर्लफ्रेंड व उसके परिजनों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने भी उन्हीं बिंदुओं पर जांच की, लेकिन युवती व उसके घरवालों ने हर बार एक ही बात कही कि आखिर बार घर से नाश्ता करके निकला था। जांच कर रहे दरोगा देवानंद सिंह के मुताबिक, युवक की दो महीने की कॉल रिकॉर्डिंग निकलवाई गई तो युवती से कई बार बातचीत सामने आई। इसके बाद युवती से बातचीत की गई, लेकिन कुछ खास सुराग हाथ नहीं लगा। घूमफिर के जांच युवती के इर्द–गिर्द ही अटकी हुई है। ऐसे में पिछले छह महीने की कॉल रिकॉर्डिंग निकलवाई गई है। शायद कुछ सुराग मिल सके। प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर विस्तार विनय कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक, सर्विलांस सेल व अन्य माध्यमों से जांच की जा रही है। युवती होती तो पुलिस लगा लेती पता युवक के भाई दुर्गेश कुमार वर्मा ने कहा कि युवक की जगह युवती होती तो पुलिस उनके परिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज देती, लेकिन युवक है तो सिर्फ जांच की जा रही है। दुर्गेश ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री व अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर शिकायत की है।

# गोशाईगंज पुलिस व स्वाट टीम ने 298 कुंतल गांजा बरामद कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार


अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गोशाईगंज पुलिस व स्वाट टीम के कर्मियों ने गोशाईगंज क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से दो आरोपी जिनमें पिता पुत्र के पास से दो कुंतल अठानवे किलो गांजा बरामद किया ।वही इसी कड़ी में इन दोनों आरोपियों से कड़े पूछताछ में एक अन्य आरोपी से दो किलो गांजा बरामद किया। इसका खुलासा मंगलवार को एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान किया। उन्होंने बताया कि इस समय डीआईजी/एसएसपी मुनिराज के दिशा निर्देश पर मदाक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिये एक अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत सीओ सदर डा0 राजेश तिवारी नेतृत्व में स्वाट टीम अयोध्या प्रभारी निरीक्षक मो अरशद व थाना गोसाईगंज प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार की संयुक्त टीम ने सोमवार को गोसाईगंज बाजार से दो कुन्टल 98 किलोग्राम अवैध गाँजा व ग्राम लाला का पुरवा गद्दोपुर थाना कैण्ट जनपद अयोध्या से 02 किलोग्राम अवैध गाँजा बरामद किया। इस संबंध में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि इस मामले में आरोपी राजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजेश कुमार उर्फ खन्ना पुत्र रघुवर दयाल निवासी भीटीरोड कस्बा थाना गोशाईगंज जनपद अयोध्या व अंशू



गुप्ता पुत्र राजेश कुमार उर्फ खन्ना निवासी निवासी भीटीरोड कस्बा थाना गोशाईगंज जनपद अयोध्या दोनों पिता पुत्र है। जिसके पास से पुलिस दो कुंतल अठानवे किलो गांजा बरामद किया वही दूसरे अन्य आरोपी श्यामलाल पुत्र जग्गू कोरी निवासी लाला का पुरवा गद्दोपुर थाना कैण्ट जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके पास से दो किलो गांजा बरामद किया ।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी राजेश कुमार गुप्ता उर्फ राजेश कुमार उर्फ खन्ना के साथ साथ श्यामलाल पुत्र जग्गू कोरी हिस्ट्रीशीटर है इसके पहले भी इन दोनों आरोपियों के ऊपर इससे पहले भी अलग अलग थानों पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।इन आरोपियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिस कर्मियों में सीओ सदर डाक्टर राजेश तिवारी के अलावा प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार थाना गोशाईगंज जनपद अयोध्या, मो0 अरशद प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम जनपद अयोध्या, उप निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिह थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या शामिल रहे।

# कैदी की मौत के मामले में नैनी जेल प्रशासन पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

प्रयागराज ब्यूरो : मानवाधिकार आयोग की जांच रिपोर्ट के आधार पर दो साल पहले नैनी सेंट्रोल जेल में बंद बंदी की मौत के मामले में सोमवार की देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मालूम हो कि हंडिया ऊपरदहा गांव निवासी




सूरज चौहान (20) पुत्र उमराव को स्थानीय पुलिस ने 2019 एनडीपीएस की धारा में गिरफ्तार किया था। उसे जेल भेजा गया था। 29 जनवरी 2020 को तबीयत बिगड़ने पर उसे जेल प्रशासन ने एसआरएन में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 31 जनवरी 2020 को उसकी मौत हो गई थी। उस दौरान डॉक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया था, जिसमें शरीर में कई जगह चोट के निशान पाए गए थे। इस मामले में मानवाधिकार आयोग की ओर से जांच कराई थी। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सोमवार देर रात जेल प्रशासन के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा नैनी कोतवाली में दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पहलवान सुमित कुमार के घुटने की हुई सर्जरी

लखनऊ ब्यूरो : पहलवान सुमित कुमार के घुटने की सर्जरी एसजीपीजीआई में की गई। वह 60 किलोग्राम वर्ग में राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियन हैं। बिहार में एक प्रतियोगिता के दौरान बाएं घुटने में चोट लगने से उन्हें घुटना मोड़ने में समस्या हो रही थी। एसजीपीजीआई के



एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में गत चार जनवरी को सर्जरी करने के बाद सोमवार को उन्हें छुट्टी दे दी गई। संस्थान की पीआरओ कुसुम ने बताया कि एंटीरियर क्रूसिएट लिगमेंट (एसीएल) की वजह से पहलवान सुमित कुमार कोई भार भी नहीं उठा पा रहे थे। तीन जनवरी को वे एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे थे। यहां पर डॉ. पुलक शर्मा व उनकी टीम ने उनकी जांच कराई। चार जनवरी को सुमित के एसीएल का पुनः निर्माण किया। ऑपरेशन पूरी तरह से सफल रहा। ऑपरेशन में डॉ. पुलक शर्मा के साथ डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. मंजूनाथ और डॉ. संजय शर्मा शामिल थे। एनीस्थीसिया विभाग से डॉ. रफत शमीम ने सहयोग दिया। फिजियोथेरेपी के बाद सुमित पूरी तरह से स्वस्थ हैं। महीनेभर में सुमित फिर से मैदान में उतर सकेंगे।

# बैंक के शाखा प्रबंधक पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप : केस दर्ज

लखनऊ ब्यूरो : तालकटोरा इलाके में रहने वाली युवती ने एक बैंक के शाखा प्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव पर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक रिकेश सिंह के मुताबिक, युवती ने बताया कि वह भी बैंक में काम करती है। आरोप है कि कुछ माह पहले सौरभ श्रीवास्तव ने बैंक से घर छोड़ने के बहाने कार में बैठाया और गंदी नियत से कई बार छूने की कोशिश की। विरोध पर गला दबाकर मारने की कोशिश की। धमकाया कि अगर बिना परेशानी काम करना है तो बात माननी पड़ेगी। आरोप है कि कुछ दिन बाद जरूरी दस्तावेज लेकर घर बुलाया, जहां बदनाम करने की धमकी देकर पीटा। किसी तरह वह बचकर निकली, लेकिन आरोपी उसका शोषण करता रहा। यही नहीं, आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव डाला। हिम्मत जुटाकर युवती ने बैंक प्रबंधन से शिकायत की तो आरोपी उसे बदनाम करने में जुट गया। आजिज आकर पीड़िता शिकायत लेकर एसीपी बाजारखाला के पास पहुंची। बताया कि इतना प्रताड़ित हो गई है कि जान दे देगी। आरोप लगाया कि मैनेजर सौरभ ने पहले भी बैंक की कई लड़कियों का शोषण किया है। निर्देश पर रविवार को तालकटोरा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।